# विषय–हिन्दी विशिष्ट Set-C

निर्देश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कुल 25 प्रश्न हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ है। खण्ड (अ) में 5 अंक बहुविकल्पीय एवं खण्ड (ब) में 5 अंक रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए निर्धारित हैं। कुल 10 अंक हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 में 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द–सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 में 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द–सीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 में 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द–सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 में 5 अंक निर्धारित हैं। शब्द–सीमा 100 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 में 8 अंक निर्धारित हैं। निबंध लेखन में शब्द–सीमा 250 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

1. **खण्ड (अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) किनकी प्रेरणा से जगन्नाथदास रत्नाकर कवि बने ?

(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) रामचन्द्र शुक्ल

(स) वियोगी हरि (द) उपेन्द्रनाथ अश्क

(ii) संत कबीर ............ काव्यधारा के कवि हैं।

(अ) निर्गुण (ब) सगुण

(स) रामभक्ति (द) कृष्णभक्ति।

(iii) घनानंद ने संदेश भेजने के लिए ............ को दूत बनाया।

(अ) पत्र (ब) कबूतर

(स) पवन (द) मित्र

(iv) लहनासिंह ............ राइफल्स में जमादार था।

(अ) 66 (ब) 77

(स) 27 (द) 46.

(v) रोला किस छंद का उल्टा होता है ?

(अ) दोहा (ब) सोरठा

(स) सवैया (द) कवित्त।

1. **खण्ड (ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) कवि जमुना प्रसाद कसार ने नारी को ............ कहा है।

(ii) 'सूखी डाली' एकांकी में दादाजी का नाम ............ है।

(iii) प्रसादजी के अनुसार सृष्टि के रचनाकार पुरुष ............ हैं।

(iv) लक्षण ग्रंथों की प्रधानता ............ काल में रही।

(v) चुरकी और मुरकी ............ विधा से संबंधित है।

2. ए. जी. गार्डिनर के अनुसार निबंध की परिभाषा लिखिए।
3. मंदिर परिसर को स्वच्छ क्यों रखना चाहिए ?
4. 'गाताकल्प' किसे कहते हैं ?
5. सत्यपाल की आरती में वर्णित उसकी कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए।
6. सुभाष चंद्र बोस ने मांडले जेल को तीर्थस्थल क्यों कहा ?
7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए।

(ii) वह आम के पेड़ में बैठा है।

8. वीर रस की परिभाषा तथा उसका **एक** उदाहरण दीजिए।
9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) उल्टी गंगा बहना

(ii) गुदड़ी का लाल

(iii) आग में घी डालना।

10. दादा मूलराज के चरित्र की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए।
11. विश्वमंदिर की उपासना पद्धति की विशेषताएँ लिखिए।
12. छायावाद की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए।
13. छत्तीसगढ़ी कविता के आधार पर भारतीय किसान की अवस्था का चित्रण कीजिए।
14. पद्मावती के सौंदर्य का सरोवर पर क्या प्रभाव पड़ा?

**अथवा**

मिट्टी और मनुष्य के अटूट संबंध के विषय में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

15. लोग निंदक क्यों बन जाते हैं? निंदा की प्रवृति से बचने के उपाय लिखिए।

**अथवा**

लोकमान्य तिलक को जेल में किन यंत्रणाओं से गुजरना पड़ा?

16. विराट सत्ता के विषय में मनु के चिंतन को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'इंद्रनीलमणि महाचषक' के आशय को स्पष्ट कीजिए।

17. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' **अथवा** घनानंद का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचपाएँ (कोई दो)

(ii) भावपक्ष तथा कलापक्ष (तीन विशेषताएँ)

18. श्रद्धा और प्रेम में कोई **चार** अंतर लिखिए।

**अथवा**

स्थूल रूप से श्रद्धा कितने प्रकार की होती है? प्रकारों को संक्षेप में समझाइए।

19. पं. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' **अथवा** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ ( कोई **दो**)

(ii) भाषाशैली (**तीन** विशेषताएँ)

20. चीनी फेरीवाला अपने देश वापस क्यों चला गया? महादेवी वर्मा ने उसे किस प्रकार सहायता दी?

**अथवा**

गिरहटकों को गिरोह में चीनी फेरीवाला को क्या-क्या अनुभव हुए। इन अनुभवों से उसने क्या सीखा?

21. किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

"सोना, सज्जन, साधु जन टूटि जुरै सौ बार।
दुर्जन कुंभ कुंभार के एकै धका दरार।।
दुर्लभ मानुष जनम है, देह न बारंबार।
तरुवर ज्यों पत्ता झड़े, बहुरि न लागै डार।।"

**अथवा**

"असफलता का धूल-कचरा ओढ़े हूँ
इसलिए कि वह चक्करदार जीनों पर मिलती है
छलछद्म धन की।
किन्तु मैं सीधी-सादी पटरी-पटरी दौड़ा हूँ
जीवन की।"

22. अपने छोटे भाई प्रबुद्ध को एक पत्र लिखिए जिसमें उसे शाला के साहित्यिक तथा विज्ञान संबंधी कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया हो।

**अथवा**

बिलासपुर नगर के सहायक मंत्री को जल की अनियमित पूर्ति के लिए एक शिकायती पत्र लिखिए।

23. किसी **एक** गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

"तरुणों के लिए जैसे भविष्य उज्ज्वल होता है, वैसे ही वृद्धों के लिए अतीत। वर्तमान से दोनों को असंतोष होता है। तरुण भविष्य को वर्तमान में लाना चाहते हैं और वृद्ध अतीत को खींच कर वर्तमान में देखना चाहते हैं। तरुण क्रांति के समर्थक होते हैं और वृद्ध अतीत गौरव के संरक्षक। इन्हीं दोनों के कारण वर्तमान सदैव क्षुब्ध रहता है। और इसी से वर्तमान काल सदैव सुधारों का काल बना रहता है।"

**अथवा**

"निंदा की ऐसी ही महिमा है। दो-चार निंदकों को एक जगह बैठाकर निंदा में निमग्न देखिए और तुलना कीजिए दो-चार ईश्वर-भक्तों से जो रामधुन गा रहे हैं। निंदकों की सी एकाग्रता, परस्पर आत्मीयता, निमग्नता भक्तों में दुर्लभ है। इसलिए संतों ने निंदकों को 'आंगन कुटी छवाय' पास रखने की सलाह दी है।"

24. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए :

(i) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन

(ii) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका

(iii) आधुनिक भारतीय महिला

(iv) भारतीय संस्कृति का महत्व

(v) पर्यावरण संकट

25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्ही **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कपाल अर्थात मस्तिष्क और भाति का अर्थ होता है तेज। जिस प्राणायाम को करने से माथे पर तेज बढ़ता हो वह कपालभाति प्राणायाम है। इसमें श्वास को शक्तिपूर्वक बाहर छोड़ते हैं। श्वास को भरने के लिए प्रयत्न नहीं करते। ऐसा करते हुए पेट में भी आकुंचन व प्रसारण की क्रिया होती है। कपालभाति प्राणायाम को न्यूनतम 5 मिनट आवश्य करना चाहिए। कपालभाति प्राणायाम से मस्तिष्क तथा मुख पर तेज, आभा तथा सौंदर्य बढ़ता है। मोटापा, मधुमेय, अम्लपित्त जैसे रोग दूर होते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) कपालभाति प्राणायाम का क्या अर्थ है?

(iii) कपालभाति प्राणायाम कैसे किया जाता है?

(iv) इस प्राणायाम को कम से कम कितनी देर तक अवश्य करना चाहिए?

(v) इस प्राणायाम से कौन-से रोग दूर होते हैं?

www.a2zsubjects.com